दिन—गुरूवार दिनांक— 15 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि — 05 मिनट

---

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत की चलाई गयी अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है। आज श्री नगर में जवानों को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि भारत ने पूरी दुनिया के सामने स्पष्ट कर दिया है कि आतंकी घटनाएं किसी भी हाल में स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ किसी भी हद तक जा सकता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सैन्य बलों ने जिस साहस और शौर्य का प्रदर्शन किया वह अतुलनीय है।

————————————————————

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने पाकिस्तानी झंडे और उससे जुड़े सामान की बिक्री पर अमेज़न इंडिया, फ्लिपकार्ट, यूबाय इंडिया, ईटीसी, फ्लैग कंपनी और फ्लैग कॉरपोरेशन को नोटिस जारी किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा कि इस तरह की असंवेदनशीलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि ई—कॉमर्स प्लेटफॉर्म को तुरंत ऐसी सभी सामग्री हटाने और राष्ट्रीय कानूनों का पालन करने का निर्देश दिया गया है।

————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि वह बीस मई को वक्फ संशोधन अधिनियम, दो हजार पच्चीस की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अंतरिम राहत पर विचार करेगा। प्रधान न्यायाधीश बी. आर. गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को उन्नीस मई तक अपने लिखित नोट दाखिल करने का निर्देश दिया। श्री सिब्बल कानून की वैधता को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता हैं, जबकि सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता इस मामले में केंद्र का पक्ष रख रहे हैं। पीठ ने कहा कि जब बीस मई को मामलों की सुनवाई की जाएगी, तब वह किसी भी ऐसी याचिका पर विचार नहीं करेगा जिसमें उन्नीस सौ पंचानवे के पूर्व वक्फ कानून के प्रावधानों पर स्थगन की मांग की गई हो।

——————————————————————————

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी आज जिला प्रशासन की अनुमति के बिना दरभंगा के आम्बेडकर छात्रावास पहुंचे। राहुल गांधी का शिक्षा न्याय संवाद कार्यक्रम के तहत छात्रों के साथ बातचीत का कार्यक्रम था, लेकिन जिला प्रशासन ने इसकी अनुमति नहीं दी थी। उन्होंने छात्रावास के पास बने मंच से छात्रों को संबोधित किया। श्री गांधी ने कहा कि वर्तमान समय में छात्रों के साथ बर्बर व्यवहार किया जा रहा है। पेपर लीक की घटनाएं हो रही हैं और छात्रों को उनके हक से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने सही तरीके से जातीय जनगणना की बात दोहराई।

——————————————————————————

खेलो इंडिया यूथ गेम्स आज शाम सम्पन्न हो रहे हैं। पटना के कंकड़बाग स्थित पाटलिपुत्र खेल परिसर में शाम साढे छह बजे आयोजित रंगारंग समारोह के साथ यूथ गेम्स का समापन होगा। समापन समारोह में केंद्रीय युवा मामले और खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत कई गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। यूथ गेम्स चार मई से शुरू हुए थे। खेलो के अंतिम दिन आज पटना और राजगीर में कई निर्णायक मुकाबले खेले जा रहे हैं। महाराष्ट्र छप्पन स्वर्ण और पैंतालीस रजत सहित एक सौ उनचास पदक जीतकर पदक तालिका में पहले स्थान पर है। हरियाणा ने एक सौ आठ पदकों के साथ शानदार वापसी करते हुए पैंतीस स्वर्ण और सत्ताईस रजत जीतकर दूसरा स्थान हासिल किया है। वहीं, राजस्थान बाईस स्वर्ण सहित पचपन पदकों के साथ तीसरे स्थान पर है। बिहार की टीम ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए कुल छत्तीस पदक जीते हैं। इसमें सात स्वर्ण, ग्यारह रजत और अठारह कांस्य पदक शामिल हैं।

——————————————————————————

प्रदेश में भीषण गर्मी के कारण आम जन–जीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज तेईस जिलों में लू की स्थिति बनी हुई है। विभाग ने कहा है कि अगले कुछ दिनों तक मौसम के रूख में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। राज्य के उत्तर–पूर्वी हिस्सों में कुछ स्थानों पर बारिश का भी पूर्वानुमान जताया गया है।

——————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।